


# VASANT KANYA MAHAVIDYALAYA

KAMACHHA, VARANASI

# About

- The Philosophy Academic club 'Sakshi' is a vibrant club dedicated to exploring and discussing the profound questions that have captivated thinkers for centuries. This club serves as a platform for students to engage in intellectual discourse, expand their understanding of philosophical concepts and critical thinking to various aspects of life.

# Objective

- The primary objective of the Philosophy academic club is to foster a deep appreciation for philosophy among this members.
- The club aims to:
- Promote critical and analytical thinking.
- Encourage open-minded discussions or diverse philosophical topics.
- Provide a space for members to share their insights and develop their philosophical view point.
- Enhance members understanding of historical and contemporary philosophical issues.
- Organize events that make philosophy accessible and relevant to a broader audience.

# Function

The Philosophy Academic club functions through a variety of activities designed to engage and inspire its members.

Discussions

- Guest Lectures-inviting scholars and experts to speak on specialized philosophical topics, providing deeper insights and professional perspectives.
- Publications-Encouraging members to contribute to journal.
- Outreach programs-engaging with the broder community through philosophy themed events such as debates, group discussion, quiz, essay writing competitions.

# Formation

- The club is inaugrated on 17th November, 2023, the philosophy academic club strives to create and inclusive environment where members can explore the depths of Philosophical inquiry challenge their perspective and grow intellectually.

# The Programme



## सच्चाई के लिए पहले दर्शन से जुड़ना होगा

**वसन्त कन्या महाविद्यालय में विश्व दर्शन दिवस का आयोजन**

- बीएचयू से स्वर्ण पदक प्राप्त मेधावी छात्राओं का सम्मान

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** वसन्त कन्या महाविद्यालय, कमच्छा में दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा शुक्रवार को विश्व दर्शन दिवस का आयोजन हाइब्रिड मोड में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलगीत से हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. आनन्द मिश्रा, अध्यक्ष, दर्शन एवं धर्म विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय थे। मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्या प्रो. रचना श्री-वास्तव ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सत्य से जुड़ने के लिये दर्शन से जुड़ना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक संकट का यही एकमात्र समाधान है। मुख्य अतिथि प्रो. आनन्द मिश्रा ने अपने व्याख्यान में कहा कि दर्शन की आज जितनी आवश्यकता है इतनी पहले कभी नहीं थी। दर्शनशास्त्र विभाग की अध्यक्षा प्रो. ममता मिश्रा ने विश्व दर्शन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा अकादमिक क्लब 'साक्षी' का शुभारंभ किया गया। साथ ही भारतीय ज्ञान परम्परा पर व्याख्यान माला का आरंभ किया गया। पुरा छात्रा समागम में बीएचयू से स्वर्ण पदक प्राप्त मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दर्शनशास्त्र विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कु0 दिव्या दुबे, स्नातक तृतीय वर्ष को स्व0 धर्मावती देवी स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विभागाध्यक्षा प्रो. ममता मिश्रा की पुस्तक 'भारतीय दर्शन की चिन्तन परम्परा' का विमोचन किया गया।









## निबन्ध लेखन में पांच छात्रायें पुरस्कृत

वसंत कन्या महाविद्यालय में दर्शन विभाग द्वारा योग सर्टिफिकेट कोर्स द्वितीय सत्र (२०२३) के सर्टिफिकेट वितरण समारोह का कार्यक्रम आयोजन किया गया था। साथ ही दर्शन विभाग के एकेडमिक क्लब साक्षी के तत्वावधान में आयोजित निबन्ध लेखन प्रतियोगिता श्सर्वधर्म समभाव में भारत की भूमिका के अन्तर्गत पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीमती एनी बेसेन्ट के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विभागाध्यक्षा प्रोफेसर ममता मिश्र द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर रचना श्रीवास्तव का स्वागत स्मृति चिन्ह् एवं अंगवस्त्र के द्वारा किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को योग की महत्ता तथा आवश्यकता से अवगत कराने के साथ ही योग को जीवन जीने की कला के रूप में अंगीकार कर अपने आज और कल में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस क्रम में प्रोफेसर ममता मिश्र द्वारा योग सर्टिफिकेट कोर्स के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम की गयी रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा छात्राओं द्वारा अपने अनुभव साझा किये गये। योग सर्टिफिकेट कोर्स (२०२३) में १३ छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। दर्शन विभाग के एकेडमिक क्लब साक्षी के अन्तर्गतग आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में 5 छात्राओं अनुष्का कल्याणसेट्टी, शुभांगी शुक्ला, वैष्णवी राय, आरजू कुमार, मेधा चन्द्रायन को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर मनोज कुमार सिंह तथा डॉक्टर सुबोध के साथ ही दर्शन विभाग की सभी छात्राएं उपस्थित रहीं। संचालन डॉक्टर प्रतिमा सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर ममता मिश्र ने किया।









## 'भारतीय दर्शन' प्रतियोगिता में कपिल ग्रुप ने मारी बाजी

- 8 टीम के 30 प्रतिभागियों ने किया प्रतिभाग

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** दर्शन विभाग, वसंत कन्या महाविद्यालय के शैक्षणिक क्लब 'साक्षी' द्वारा 3 अगस्त शनिवार को Knowledge Knockouts क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रकार के दार्शनिक विमर्श एवं वाद-विवाद प्रतियोगितायें ही भावी पीढ़ी को भविष्य का निर्धारक बना सकती हैं। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत 8 टीम के 30 कुल प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता का विषय 'भारतीय दर्शन' था। इसमें कुल 8 चरणों के अंतर्गत वेदांत दर्शन के प्रश्नों को सम्मिलित किया गया। अंतिम चरण में गौतम ग्रुप को 95 तथा कपिल ग्रुप को 100 अंक प्राप्त हुए। इस प्रतियोगिता में कपिल ग्रुप की प्रतिभागी अनुराधा सिंह, शाम्भवी आनन्द, अमीशा सिंह, ईशा कुमारी को विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन तथा संयोजन आयोजन समिति के सदस्य भूमि तोडी, लोकिता अग्रवाल, अनुप्रिया, संजना परमार तथा महक सोनकर के द्वारा किया गया। विभागाध्यक्षा प्रो. ममता मिश्रा द्वारा छात्राओं को इस आयोजन के लिए बधाई दी गई तथा दर्शन विभाग की पत्रिका 'संचेतना' के प्रकाशन से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मनोज कुमार सिंह, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, दर्शन विभाग, डॉ. प्रतिमा सिंह, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, दर्शन विभाग, डॉ. सुबोध श्रीवास्तव एवं विभिन्न विभागों के शिक्षक/शिक्षिकायें उपस्थित रहें। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन संजना परमार तथा महक सोनकर द्वारा किया गया।